दैनिक भास्कर
यमुनानगर भास्कर 25-05-2022

## जेएमआईटी में वेब डेवलेपमेंट एंड पाइथन पर कार्यशाला



रादौर। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में मंगलवार को डिप्लोमा छात्रों के लिए वेब डेवलेपमेंट एंड पाइथन पर 1 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। वेब विकास पर विशेष सत्र एआर लव गोयल एसडीई-2, लेंडबॉक्स प्राइवेट लिमिटेड, एआर हिमांशु पुंडीर एसडीई-2, एचसीएल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट, पायथन सत्र आयुष मलिक व अभय धीमान द्वारा दिया गया था। कार्यशाला में नीलोखेड़ी पॉलिटेक्निक, एसजेपीपी दामला के 143 छात्रों ने भाग लिया। डॉ. एसके गर्ग, निदेशक जेएमआईटी व डॉ विवेक शर्मा निदेशक जेएमआईईटीआई ने छात्रों को कंप्यूटिंग के रुझानों के बारे में बताया। मौके पर डॉ. गौरव शर्मा, विकास, मोनिका, ममता, मीनाक्षी, कपिल, सोनिया व डॉ. सविता मौजूद रहे।

## छात्रों ने जिला स्तर पर आयोजित विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया



रादौर। शहर के जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों ने जिला स्तर पर आयोजित विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। जिससे छात्रों का जोनल स्तर पर चयन किया गया है। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज की दो टीमों ने जिला स्तर पर आयोजित विज्ञान प्रश्नोत्तरी में भाग लिया था। प्रतियोगिता में कॉलेज की दोनों टीमों ने प्रथम चरण पार कर सुपर 8 में अपनी जगह बनाई थी। जिसमें कॉलेज की टीम ए से साहिल, गीतिका व विपुल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया था। इस अवसर पर कॉलेज के निदेशक डॉ एसके गर्ग, कोऑर्डिनेटर डॉ वंदना, प्राची ने कहा कि जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में कॉलेज के छात्रों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। जिससे कॉलेज के साथ साथ क्षेत्र का नाम भी रोशन हुआ है। इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों को आगे बढ़ने में मदद करती है।

## ऑगमैंटेड रियलिटी हैकाथों का आयोजन




*कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी।* (छुत्री)

रादौर, 11 फरवरी (मलिक) : जे.एम.आई.टी. इंजीनियरिंग कालेज रादौर के सी.एस.ई. डिपार्टमैंट के ए.आर. क्लब ने ऑगमैंटेड रियलिटी हैकाथों का आयोजन किया। यह हैकाथों फेसबुक द्वारा स्पॉन्सर किया गया एवं क्लब टीम द्वारा ऑर्गेनाइज किया गया। इस मौके पर डायरैक्टर डॉ. संजीव गर्ग ने बताया कि कैसे आने वाले समय में ए.आर. का प्रयोग बिजनैस व स्टार्टअप में किया जा सकता हैं। एच.ओ.डी. डा. गौरव शर्मा व विकास जुनेजा ने उन्हें जागरूक किया कि कैसे नई तकनीक का उपयोग मैडिकल व पढ़ाई में किया जा सकता है। असिस्टैंट प्रोफैसर मोनिका चौधरी ने बच्चों को प्रोत्साहित किया व ए.आर. क्लब टीम ने इफैक्ट बनाने व फेसबुक और इंस्टाग्राम पर पब्लिश करना सिखाया और बताया कि जो छात्र इफैक्ट पब्लिश करता है उसे एक बैग और सर्टिफिकेट दिया गया। पूरे देशभर से 10 से अधिक यूनिवर्सिटी व कालेज के 800 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

12 Feb 2022
Punjab Kesari, Page no 02 (YNR)

रोबोटिक्स | जेएमआईटी शिक्षण संस्थान में प्रोजेक्ट ऑन रोबोटिक्स का आयोजन

विद्यार्थियों ने आकर्षक प्रोजेक्ट बनाकर दिखाई प्रतिभा

## बेहतर तकनीक का प्रयोग कर जीवन में ऊंचाइयां छू सकते हैं विद्यार्थी: डॉ. गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



यमुनानगर। रादौर स्थित जेएमआईटी शिक्षण संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में अपने द्वारा बनाए गए आकर्षक प्रोजेक्टस को प्रदर्शित करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

जेएमआईटी शिक्षण संस्थान रादौर में इलेक्ट्रानिक एंड कम्युनिकेशन विभाग के तत्वावधान में प्रोजेक्ट ऑन रोबोटिक्स का आयोजन किया गया। जिसमें विभाग के विद्यार्थियों ने रोबोटिक कार, लाइन फॉलोअर रोबोट, ब्लूटूथ कार, बाधा से बचने वाली कार, सेल्फ ब्लेसिंग कार आदि का प्रदर्शन किया। संस्थान के निदेशक डा. एसके गर्ग ने विद्यार्थियों के इस प्रयास की काफी सराहना की और उनका उत्साह वर्धन किया। निदेशक डा. एसके गर्ग ने कहा कि आज का युग तकनीक का युग है। बेहतर तकनीक का प्रयोग कर विद्यार्थी अपने कैरियर को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं।

इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के भविष्य के लिए कारगार साबित होते हैं। विद्यार्थी भविष्य में प्रयोग होने वाली तकनीक के बारे जानकारी हासिल कर उसका प्रयोग कर सकते हैं। नये नये प्रयोग से विद्यार्थियों की प्रतिभा में भी निखार आता है और उनमें आगे बढ़ने की भावना पैदा होती है। उन्होंने कहा कि संस्थान का प्रयास है कि कॉलेज में शिक्षा ले रहे छात्रों को बेहतर से बेहतर शिक्षा प्रदान की जाए ताकि उनके उज्ज्वल भविष्य का निर्माण हो सके और वे जीवन कामयाब हो सकें।

# 380 engineering students of JMIT, JMIETI get jobs

TRIBUNE NEWS SERVICE

YAMUNANAGAR, APRIL 5

As many as 380 students of JMIT and JMIETI Engineering Colleges, Radaur, have got corporate jobs during the current academic session.

Dr Ramesh Kumar, general secretary of Mukand Lal Institutions said despite the Covid, all major companies of the country had selected students from the JMIT and JMIETI engineering colleges being run by Mukand Lal Institutions at Radaur, which included 79 students in Wipro, 40 in TCS, 34 in Bebo Technologies, 10 students each in Nagarro, Coforge Ltd., Altudo, ADP Private Limited and many more.

### 52 companies conduct job drives

He said a total of 52 companies conducted placement drives on their campus this year and the highest package this year was Rs 10.25 lakh.

"We have set a target of 1,000 placements of students from Mukand Lal Institutions this year," said Dr Ramesh Kumar.

JMIT, JMIETI Students get jobs
The Tribune, Page no 02
06 April 2022

## Drone designing workshop organized in JMIT college

**RADAUR (NIRMAL SAINI):** A drone designing workshop was organized under the aegis of Toeno Tech and Manch Club by the Department of Electronic and Communication of JMIT College. In which the students were given detailed information about the technique of making drones and the components used in it. In the workshop, students were also made aware about the technology to be used in the future. College Director Dr. SK Garg appreciated efforts of the students and inspired them to increase their enthusiasm. He said that today's era is the era of technology. By using better technology, students can take their career to new heights. These types of events prove to be effective for the future of the students. Students can learn about the technology to be used in future. The new experiments also enhance the talent of the students and creates a feeling of progress in them. He said that it is the endeavor of the institute to provide better education to the students pursuing education in the college, so that their bright future can be built.

# विज्ञान-प्रदर्शनी एवं चित्रकला महोत्सव का आयोजन



प्रदर्शनी का अवलोकन करते कालेज निदेशक व अन्य। (मलिक)

रादौर, 22 फरवरी (मलिक): सेठ जय प्रकाश मुकुंद लाल इंजीनियरिंग कालेजों द्वारा विज्ञान-प्रदर्शनी सांस्कृतिक एवं चित्रकला महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें कुरुक्षेत्र, करनाल, लाडवा, रादौर, यमुनानगर तथा आस-पास के विभिन्न क्षेत्रों के शिक्षण संस्थानों के छात्रों ने भाग लिया। संस्थान द्वारा आयोजित इस महोत्सव में विद्यालय स्तर से लेकर महाविद्यालय व बहुतकनीकी संस्थानों के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महोत्सव का शुभारंभ मुकंद संस्थानों के निदेशक डा. एस.के. गर्ग, डा. विवेक शर्मा व एम.एल.एन. कालेज के प्रधानाचार्य दीपक कौशिक एवं अन्य मुख्यातिथि के रूप में डा. नीति दरयाल, मिस ज्योति नागपाल, प्रिंसीपल स्वराज पब्लिक स्कूल दामला, मिस मोनिका बुधिराजा, स्वराज पब्लिक स्कूल दामला ने परंपरागत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना द्वारा किया गया।

विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने आई.ओ.टी. पर आधारित सैंसर, अल्ट्रासोनिक सैंसर, ब्लूटूथ तथा वाई-फाई पर आधारित नवीन तकनीकों को इस्तेमाल करके पर्यावरण संबंधित अपने प्रोजैक्ट्स दिखाए। अपनी अनूठी व नवीनतम विज्ञान की विधाओं को प्रदर्शित कर स्मार्ट सिटी की संकल्पना रखी। इन सबके बीच संस्थान के उत्कृष्टता केंद्र से जुड़े इलैक्ट्रॉनिक विद्युत अभियांत्रिकी तथा यांत्रिकी विभाग के बच्चों ने भी अपने प्रोजैक्ट्स दिखाए। इसके अलावा कचरा प्रबंधन के विषय पर छात्रों ने सबको आकर्षित किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डा. एस.के. गर्ग ने संस्थान में आए सभी अतिथिगणों का स्वागत किया। उन्होंने युवाओं में विभिन्न कौशलों की जमकर तारीफ की। संस्थान के महासचिव डॉ. रमेश कुमार ने प्रोग्राम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

PUNJAB KESARI PAGE NO 4 DATE 23.2.2022

## छात्र को मिला फ्लिपकार्ड में रोजगार



रादौर। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के नवीन अरोड़ा का चयन फ्लिपकार्ट में 26 लाख 70 हजार रुपये पैकेज पर हुआ है। संस्थान निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने छात्र को इस उपलब्धि पर बधाई दी। नवीन ने सीएसई (बैच 2016-20) में जेएमआईटी से स्नातक किया है। उसे इससे पहले फ्लिपकार्ट, गीक्सफोर्जेक्स, कॉग्निजेंट, ग्लोबलोजिक, माइंडट्री, डैफोडिल, ग्लोबल लॉजिक, ट्रेनमैन, पार्क प्लस, विप्रो, डेलिनो सहित 12 से अधिक कंपनियों में भी चुना गया था। नवीन ने कॉलेज कार्यकाल के दौरान ही छह इंटर्नशिप की हैं। वह कोड शेफ में पांच सितारा प्रतिस्पर्धी प्रोग्रामर है। साल 2019 में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन में उसने एक लाख रुपये का इनाम भी जीता था। यही नहीं नवीन ने 2019 में ऑनलाइन परीक्षा कराने के लिए कॉलेज के लिए जेईई मेंस मॉक टेस्ट पूर्ण पोर्टल बनाया। वहीं डीन डॉ. विवेक शर्मा और एचओडी डॉ. गौरव शर्मा की देखरेख में स्नातक स्तर की पढ़ाई के दौरान कई परियोजनाएं विकसित की थीं। संवाद

Amarujala, Page no 03 (YNR) 04 June 2021

**कार्यक्रम** जेएमआइटी संस्थान में आंतरिक स्मार्ट इंडिया हैकथन कार्यक्रम में 138 विद्यार्थियों ने भाग लिया

## सरकारी विभागों की समस्याओं के समाधान बताए

संवाद सहयोगी, रादौर : जेएमआइटी संस्थान में शनिवार को आंतरिक स्मार्ट इंडिया हैकथन का आयोजन किया गया। जो प्रति वर्ष एमएचआरडी व केंद्र सरकार के द्वारा किया जाता है। इसमें अलग-अलग शिक्षण संस्थानों की 23 टीमों के 138 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सरकार के अलग-अलग विभागों की 500 से अधिक समस्याओं के समाधान विद्यार्थियों ने बताए। निर्णायक मंडल की भूमिका जेएमआइटी के पूर्व छात्र पुलकित व रमित ने निभाई। वह स्मार्ट इंडिया हैकथन के विजेता रहे हैं। मेन इवेंट स्मार्ट इंडिया हैकथन 2022 के लिए कालेज की ओर से 23 में से 10 टीमों का चयन किया जाएगा। जेएमआइटी के डायरेक्टर डा. एसके गर्ग व जेएमआइईटीआइ के डायरेक्टर डा. विवेक शर्मा मुख्यातिथि थे। डा. संजीव कुमार गर्ग ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। इससे मनोबल बढ़ता है व दूसरों के अनुभव व ज्ञान से सीखने का मौका मिलता है। मौके पर सीएससी विभाध्यक्ष डा. गौरव शर्मा, विभाग आइटी विभागध्यक्ष विकास जुनेजा आदि मौजूद थे।



आंतरिक स्मार्ट इंडिया हैकथन कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्यातिथि व अन्य। •संस्थान

Dainik Jagran, Page no 02 (YNR) 13 March 2022

## सौर मंडल से संबंधित विषयों पर व्याख्यान का आयोजन

जगत क्रान्ति ⏭ नीतीश जोगी

रादौर : जेएमआईटी में स्पेस क्लब के द्वारा सौर मंडल से संबंधित विभिन्न विषयों पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष वित्तीय वर्ष तथा तृतीय वर्ष के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। छात्रों ने अपने प्रस्तुतीकरण में इससे जुड़े विषय जैसे ब्लैक होल, समय यात्रा, सामान्य सापेक्षता (जनरल रिलेटिविटि) पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर बोलते हुए निदेशक डॉक्टर संजीव गर्ग ने कहा की इन विषयों पर छात्रों की रुचि एवं रुझान मौजूदा समय में नितांत आवश्यक है। इससे इन उनकी समझ आकाशीय विज्ञान के प्रति और गहरी होती है। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर यूपी सिंह संचालक स्पेस क्लब के एवं साहिल कुमार छात्र तृतीय वर्ष मैकेनिकल के द्वारा किया गया के द्वारा किया गया किया गया। इस



अवसर पर डॉक्टर उमेश प्रताप सिंह ने कहा कि इस तरह की तकनीकी गतिविधियों से छात्रों में सर्वांगिन विकास की संभावना बढ़ती है। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तन्वी गाबा, द्वितीय स्थान पर गगनदीप सिंह, तृतीय स्थान पर आदित्य वशिष्ठ रहे। इस मौके पर सोनिया सैनी, इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने प्रतिभागियो को चयनित किया। संस्थान के निदेशक एवं डा एलएस रीन ने सभी प्रतिभागियों को इस अवसर पर बधाई दी।

## स्टार्टअप की प्रक्रिया व कानूनी दिशा-निर्देशों पर विशेषज्ञ सत्र का आयोजन

रादौर, 28 मार्च (मलिक): रादौर के सेठ जयप्रकाश मुकंद लाल इंजीनियरिंग कॉलेज के ई.डी. सैल एवं प्रबंधन विभाग द्वारा इंस्टीच्यूशंस इनोवेशन काऊंसिल के सौजन्य से छात्रों हेतु एक विशेषज्ञ सत्र का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के छात्रों एवं प्राध्यापकों ने हिस्सा लिया। गैस्ट लैक्चर का मुख्य विषय स्टार्टअप का नियोजन एवं कानूनी दिशा-निर्देशों का अध्ययन रहा। सत्र के मुख्य वक्ता के रूप में मनदीप कौर टंगरा, संस्थापक व सी.ई.ओ., सिम्बा कर्ट्ज तथा मशहूर टेड एक्स वक्ता को आमंत्रित किया गया। सत्र का आयोजन ऑनलाइन गूगल मीट के माध्यम से किया गया, जिसमें 181 छात्रों ने जुड़कर मुख्य वक्ता को सुना। मुख्य वक्ता ने कोरोना काल में रही आर्थिक मंदी के दौर में उद्यमीयता की उपयोगिता को समझाया।



*गैस्ट लैक्चर में भाग लेते छात्र व मुख्य वक्ता।* (मलिक)

उन्होंने बताया कि किस प्रकार उन्होंने एक छोटे गांव से उठकर सफलता हासिल की। प्रतियोगिता के इस दौर में प्रत्येक व्यक्ति को रोजगार एवं आजीविका कमाने के लिए विभिन्न गुणों एवं कौशलों में निपुण होना जरूरी है। इस समय शोध के माध्यम से नए-नए अवसरों की खोज करके स्वरोजगार की दिशा में उन्नति की जा सकती है। इस अवसर पर प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा अनुजा गोयल ने मुख्य वक्ता का छात्रों के मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद किया। संस्थान के निदेशक डा. एस.के. गर्ग ने बताया कि प्रबंधन विभाग द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर होते रहते हैं जिसका छात्रों के शैक्षिक एवं अन्य गैर-शैक्षिक मूल्यों में अहम योगदान रहा है। उन्होंने संस्थान द्वारा ई.डी. सैल के माध्यम से स्वरोज्गार के लिए छात्रों को तैयार करने के प्रयासों को सबके सामने रखा।

Punjab Kesari, Page no 04 (YNR) 29 March 2022

## कॉलेज में ईडी सेल एवं प्रबंधन विभाग की ओर से ऑनलाइन गेस्ट लेक्चर का आयोजन



शहर के जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में ऑनलाइन लेक्चर में जानकारी देते विशेषज्ञ।

**रादौर।** शहर के जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में सोमवार को ईडी सेल एवं प्रबंधन विभाग की ओर ऑनलाइन गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रबंधन विभाग के छात्रों एवं प्राध्यापकों ने हिस्सा लिया। गेस्ट लेक्चर का मुख्य विषय कैंपस प्रेनियर मास्टर क्लास रहा। गेस्ट लेक्चर के मुख्य वक्ता के रूप में डॉ विवेक बिंद्रा, फाउंडर बड़ा बिजनेस, बिजनेस कोच, मोटिवेशनल स्पीकर को आमंत्रित किया गया। ऑनलाइन कार्यक्रम में 1 हजार से अधिक छात्रों ने जुड़कर मुख्य वक्ता को सुना।

मुख्य वक्ता ने नवीन आइडिया एवं आधुनिक युग में नवीन उद्योगों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के इस दौर में प्रत्येक व्यक्ति को रोजगार एवं आजीविका कमाने के लिए विभिन्न गुणों एवं कौशलों में निपुण होना जरूरी है। उन्होंने विभिन्न उदाहरण देते हुए प्रतियोगी युग में उद्योगों को सफल बनाने बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर छात्रों ने मुख्य वक्ता से विभिन्न नये उद्यमों के अवसरों पर विचार विमर्श किया। मुख्य वक्ता ने छात्रों को आधुनिक समय के अनुसार स्वयं को ढालने और नई तकनीक सीखते रहने की बात कही। उन्होंने छात्रों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा अनुजा गोयल ने मुख्य वक्ता का छात्रों के मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह के मार्गदर्शन से प्रभावित होकर छात्र अपने करियर को सही दिशा मे ले जा सकते हैं। इस अवसर पर प्रबंधन विभाग के सभी प्राध्यापक गणों ने भी मुख्य वक्ता के विचारों को सुना। संस्थान के निदेशक डॉ एसके गर्ग ने बताया कि प्रबंधन विभाग द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर होते रहते हैं। जिसका छात्रों के शैक्षिक एवं अन्य गैर शैक्षिक मूल्यों में अहम योगदान रहा है। उन्होंने मुख्य वक्ता का धन्यवाद करते हुए भविष्य में भी छात्रों के मार्गदर्शन के लिए संस्थान के साथ जुड़े रहने की बात कही।

## 'एयर कंडीशनिंग विषय पर हुई कार्यशाला'

रादौर, 1 मार्च (मलिक) : सेठ जयप्रकाश मुकंदलाल इंजीनियरिंग कॉलेज, रादौर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट में 2 दिन की एयर कंडीशनिंग पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला विभाग में स्थापित डाइकिन एयर कंडीशनिंग सैंटर ऑफ एक्सीलेंस के अंतर्गत आयोजित की गई। इस कार्यशाला के मुख्य प्रवक्ता डाइकिन एयर कंडीशनिंग इंडिया के हितेश शर्मा थे। विद्यार्थियों को एयर कंडीशनिंग के क्षेत्र में अफसरों तथा चुनौतियों के बारे में विस्तार से बताया गया, इसी के साथ डाइकिन एयर कंडीशनिंग द्वारा बाजार में पेश की गई नई टैक्नॉलजी और उनके पीछे के इंजीनियरिंग कांसेप्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कॉलेज के निर्देशक डा. संजीव कुमार गर्ग ने इस अवसर पर हितेश तथा डाइकिन इंडिया को इस प्रयोग कार्यशाला के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन इंजीनियरिंग के बच्चों के लिए बहुत ही ज्ञानवर्धक हैं और भविष्य में भी ऐसी कार्यशाला का आयोजन अन्य विभागों में भी किया जाएगा।

### 'जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने दी वित्तीय मदद'

02 March 2021

Punjab Kesari, Page no 02 (YNR)

## जेएमआईटी कॉलेज में युवा संसद का आयोजन


रादौर के जेएमआईटी कालेज में बृहस्पतिवार को युवा संसद कार्यक्रम में हिस्सा लेते विद्यार्थी व अन्य। -निस

**रादौर (निस) :** रादौर के जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के सभागार में बृहस्पतिवार को युवा संसद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रबन्धन समिति के सदस्य पं ज्ञान प्रकाश शर्मा ने छात्रों का हौसला बढ़ाया। संस्थान के प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सदन की कार्यवाही का शुभारंभ राष्ट्रीय गान से किया गया। छात्रों ने सदन में सदस्यों ने विकास के विभिन्न मुद्दों पर बहस की। सत्ताधारी पक्ष व विपक्ष ने अनेक ज्वलंत मुद्दों बैंकों का विलय, कृषि कानून, महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक विकास की धीमी गति, एनआरसी, शिक्षा नीति, विदेश नीति व निजीकरण इत्यादि पर विचार रखे। युवा संसद में मुकंद संस्थाओं एमएलएन कॉलेज, टीआईएमटी जेएमआईईटीआई के छात्रों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ एस के गर्ग ने युवा पीढ़ी में उत्पन्न राष्ट्र हित सोच को सराहा। प्रबन्धन विभाग की अध्यक्ष अनुजा गोयल, डॉ विवेक शर्मा, निदेशक, जेएमआईईटीआई ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी।

TRIBUNE PAGE NO 05 DATE 17.12.2021

## To promote greenery, institute prepares, plants seed balls

SHIV KUMAR SHARMA
TRIBUNE NEWS SERVICE

YAMUNANAGAR, JULY 11

Adopting a unique method of promoting afforestation, an educational institute has started preparing and planting seed balls.

Staff members and students of Seth Jai Parkash Mukand Lal Institute of Engineering and Technology, (JMIT), Radaur, have so far prepared 3,000 seed balls and planted these in different areas, where the natural flora has been destroyed.

"Under the guidance of chairman of JMIT Ashok Kumar and general secretary Dr Ramesh Kumar, we (the staff members and students) have started a new initiative towards environment protection by preparing seed balls. We have decided to prepare 10,000 seed balls this rainy season. We have so far prepared 3,000 seed balls and planted these," said Dr SK Garg, director of JMIT.

He said physical classes were off and students were not coming to the institute, so, they assembled students at common places in their towns or cities and prepared seed balls.

"Besides the staff members and students, the seed balls are being given to visitors, who visit the institute as a gift," said Garg. He said they had used various kind of fruits and other conventional or oxygen-generating plant seeds while rolling them into seed balls.

He added that compost, various kinds of seeds, soil and water was used to prepare these seed balls. Dr SK Garg said JMIT was working on the policy of 'Save blue, donate red and grow green'. Kumar said the JMIT had already installed solar power plants, rainwater harvesters, and sewerage treatment plants.


Staff and students of the Seth Jai Parkash Mukand Lal Institute of Engineering and Technology, Radaur, in Yamunanagar district.

**PREVENTIVE MEASURE TO SAVE SEED**

"The purpose behind preparing these seed balls is that these seed balls prevent the seed from being baked dry in the sun, blown away by strong winds or washed away by rains or nibbled away by birds or other small wild animals and also provide the feed during the initial days. Dr SK Garg, DIRECTOR OF JMIT

JMIT Prepares Plants seed balls
The Tribune, Page no 02
12 July 2021

## टाप 50 टीमों में जेएमआइटी की टीम ने पाया स्थान

**संस, रादौरः** भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, विज्ञान भारती की ओर से सातवें भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन पणजी, गोवा में किया गया। जिसमें जेएमआइटी कालेज की टीम ने भी हिस्सा लिया। इस प्रतिस्पर्धा में 3500 टीमों ने भाग लिया था। जिसमें जेएमआइटी कालेज की टीम ने टाप 50 टीमों में स्थान बनाया। समृद्ध भारत के लिए रचनात्मक, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार उत्सव विषय पर आधारित भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान का महोत्सव का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने किया था।संस्थान के निदेशक डा. संजीव गर्ग ने कहा कि यह जेएमआइटी संस्थान के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए गर्व का क्षण है। जेएमआइटी संस्थान के छात्रों ने देशभर के आइआइटी/एनआइटी जैसे प्रीमियर संस्थानों को पीछे छोड़ कर ये गौरव प्राप्त किया।

इस कार्यक्रम में एडुटेक वर्ग में प्रदर्शित किए गए स्मार्ट मिरर विद होम आटोमेशन प्रोजेक्ट को छात्र मयंक अरोड़ा की टीम ने बनाया है। यह शिशा स्मार्ट फीचर्स जैसे यूट्यूब एवं घरों के लाइट और पंखों को वाइस कमांड्स से कंट्रोल करता हैं।

JMIT in TOP 50
Dainik Jagran, Page no 04 (YNR)
19 Dec. 2021

## जेएमआईटी में हुआ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



राादौर के जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रवक्ता। (छाया : कुलदीप सैनी)

रादौर, 21 दिसम्बर (कुलदीप सैनी) : जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में मंगलवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन एप्लाइड साइंसेज एवं ह्यूमैनिटिज विभाग द्वारा किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों में व्यक्तित्व निखार एवं आधारभूत संप्रेषण के विभिन्न कौशलों का विकास रहा। कार्यशाला में आमंत्रित मुख्य प्रशिक्षक इंजीनियर नमन नागपाल, संस्थापक ऊपर-ए पैशनेट लर्नर्स प्लेटफार्म ने छात्रों को आधुनिक युग में आवश्यक संप्रेषण गुणों से अवगत कराया। कार्यशाला का आयोजन दो सत्रों में किया गया। प्रथम चरण में आत्मविश्वास, स्मरण क्षमता व व्यक्तित्व परीक्षण इत्यादि विषयों से संबंधित रहा। वहीं, दूसरे चरण में व्यक्तित्व विकास से सम्बन्धित 3 जापानी धारणा। जिसमें जीवन जीने के सही मार्ग का चयन, अपनी कमियों की समझ व छोटे-छोटे कदमों के जरिये उन्नति प्राप्त करने पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने कहा कि छात्रों का सर्वगुण सम्पन्न होना आज के युग की मांग है, जिसके लिए सभी छात्रों का निरंतर प्रयत्नशील होना जरूरी है। इस अवसर पर डॉ. एलएस रीन, डॉ. नीति सखुजा, प्राची सेठ आदि मौजूद रहे।

---

दैनिक भास्कर **यमुनानगर भास्कर** 12-05-2022

## विद्यार्थियों को तकनीकी दिवस का महत्व बताया



रादौर| जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में तकनीकी दिवस पर बुधवार को तकनीकी मेला लगा। उद्घाटन कॉलेज के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने किया। उन्होंने बताया कि छात्र कैसे पढ़ाई के साथ-साथ तकनीकी क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर सकते हैं। डॉ. एसके गर्ग ने विद्यार्थियों को तकनीकी दिवस का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि आज ही के दिन 11 मई 1998 को न्यूक्लियर पोखरण टेस्ट का सफल आयोजन किया गया था। मेले के प्रबंधक विकास जुनेजा ने बताया कि मेले में कुल 29 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें 1500 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। अवसर पर रजिस्ट्रार अंकुश सिंगला, डॉ. एलएस रीन, प्रियंका शर्मा व डॉ. गौरव शर्मा मौजूद रहे।

---

# शिविर में 515 छात्रों, स्टाफ ने किया रक्तदान

## जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में लगा रक्तदान शिविर

संवाद न्यूज एजेंसी

रादौर। शहर के जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में शुक्रवार को 24वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ संस्थान के महासचिव डॉ. रमेश कुमार और निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में कुल 515 छात्रों व स्टाफ सदस्यों ने रक्तदान किया।

संस्थान के महासचिव डॉ. रमेश कुमार व निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने बताया कि 1997 से संस्थान में चल रहे रक्तदान मेलों से अब तक 10 हजार यूनिट रक्त के एकत्रित किया जा चुका है। जेएमआईटी अपने सामाजिक कार्यों के लिए पहले से ही जाना जाता है। उन्होंने कहा कि संस्थान में ऊर्जा संरक्षण व नवीनीकरण के संदर्भ में 210 किलोवाट का सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित किया है, जो कि ऊर्जा बचाने में बहुत सहायक है।

उन्होंने बताया कि संस्था के चेयरमैन अशोक कुमार सेव ब्ल्यू, डोनेट रेड, स्प्रैड ग्रीन की पॉलिसी पर काम कर रहे हैं। रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए छात्र छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन, वाद विवाद, क्विज, गेम्स, नुक्कड़ नाटक, जागरूकता रैली व अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में छात्र- छात्राओं ने कई पुरस्कार जीते। जिसमें पोस्टर मेकिंग में पंकज कुमार, मनताशा, प्रथम, बेअंत कौर, पीयूष द्वितीय व रजत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्थान के एनएसएस स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। जिसमें साठ बच्चों ने अभिनय प्रदर्शन करते हुए का समझाया रक्तदान के महत्व को समझाया। इस अवसर पर संस्थान के 40 से अधिक क्लब के बच्चों ने फ्लैग मार्च करते हुए संस्थान के सभी वर्गों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया एनएसएस स्वयंसेवकों ने रक्तदान के लिए पास के गांव में जागरूकता रैली का आयोजन किया। संस्थान में ऐसे 100 सदस्य हैं, जिन्होंने 100 बार से ज्यादा रक्तदान किया है। उनमें मुख्य तौर पर संस्थान की प्रबंधक समिति के मुख्य सचिव डॉ रमेश कुमार भी शामिल है।



रक्तदान शविरि में रक्तदान करते वदि्यार्थी। संवाद

# 'कॉलेज में हुआ बजट समीक्षा सत्र का आयोजन'

रादौर, 3 फरवरी (मलिक) : रादौर के सेठ जयप्रकाश मुकंदलाल इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रबंधन विभाग के फिन वेस्ट क्लब द्वारा विभाग में बजट समीक्षा सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में मुख्य वक्ता बिजनेस स्टैंडर्ड के क्षेत्रीय प्रमुख शिरीश मुद्गल ने सामान्य बजट 2021 पर चर्चा करते हुए बजट के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। चर्चा में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों जो इस वर्ष के बजट के मुख्य स्तंभ के रूप में शामिल किए गए थे। हेल्थ केयर इंफ्रास्ट्रक्चर मानव संसाधन रिसर्च एवं डेवलपमेंट मिनिमम गवर्नमेंट और मैक्सिमम गवर्नेंस पर चर्चा की गई। इस अवसर पर विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए विभाग के छात्रों द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किए गए। संस्थान के निदेशक डॉ एस.के. गर्ग ने कहा कि इस प्रकार के सत्र आर्थिक एवं वित्तीय जागरूकता बनाने के लिए आवश्यक है। सत्र में संस्थान के प्रबंधन विभाग के छात्रों ने भाग लिया और बजट के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की सत्र का संचालन प्रबंधन विभाग द्वारा गूगल मीट के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा अनुजा गोयल ने सत्र के लिए आमंत्रित मुख्य वक्ता का बजट विश्लेषण के लिए धन्यवाद किया और बजट समीक्षा में अपने विचार रखे। उन्होंने प्रबंधन विद्यार्थियों में आर्थिक गतिविधियों के प्रति जागरूक रहने की बात कही। सत्र के संचालन में विभाग के विभिन्न प्राध्यापकों को का अहम योगदान रहा।

Punjab Kesari, Page no 03 (YNR)

04 Feb 2021

## स्वच्छता का संदेश

दैनिक भास्कर यमुनानगर भास्कर 13-08-2021

# छात्रों ने नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश



**रादौर** | जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी के छात्रों व अध्यापकों ने अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया। जेएमआईटी के छात्रों ने गांव रादौरी, छोटाबांस, बकाना व कांजनु में लगभग 220 लोगों को स्वच्छता के बारे में नाटकीय प्रदर्शन कर स्वच्छता के लिए जागरूक किया। जेएमआईटी के डायरेक्टर ने इसके लिए सभी को प्रोत्साहित किया। निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम सराहनीय पहल है। जेएमआईटी पर्यावरण संरक्षण को लेकर तत्पर रहा है। मौके पर डॉ. नीति सखूजा, डॉ. वंदना, चक्षु, नवनीत, जतिन, रचिता, जागृति, आयुष ने भाग लिया।

# साइकिल मैराथन के महिला वर्ग में प्रिया अव्वल





**रादौर** | जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर की ओर से मंगलवार को फिट इंडिया के तहत साइकिल मैराथन कराई गई। प्रतियोगिता में छात्रों, एनसीसी के स्वयंसेवकों ने कॉलेज स्टाफ के साथ भाग लिया। संस्थान निदेशक डॉ. संजीव गर्ग ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों से मानव सजग और निरोगी रहता है। प्रतियोगिता में महिला वर्ग में प्रिया दत्त प्रथम, कृति द्वितीय स्थान पर तथा जागृति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में करमजीत ने प्रथम, अंजनी शुक्ला ने द्वितीय तथा भूषण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. उमेश प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

यमुनानगर भास्कर 22-09-2021

# इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में रादौर जेएमआईटी की टीम ने मारी बाजी





प्रतियोगिता विजेताओं को सम्मानित करते मुख्यातिथि। संवाद

यमुनानगर। तिलक राज चढ़ा प्रबंधन एवं तकनीकी संस्थान में इंटर कॉलेज केस विश्लेषण एवं प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें प्रबंधन एवं तकनीकी संस्थानों की 12 टीमों ने भाग लिया। इसमें रादौर की जेएमआईटी की टीम प्रथम रही।

प्रतियोगिता में रादौर सेठ जय प्रकाश मुकंद लाल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, महाराजा अग्रसेन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, अंबाला के महर्षि मारण्डेश्वर विश्वविद्यालय, गैलेक्सी ग्लोबल, डीएव गर्ल्स कॉलेज, जीएनजी कॉलेज विद्यार्थी शामिल रहे। कार्यक्रम में चंडीगढ़ से प्रो. अनिल अंगिरस मुख्यातिथि व श्ररिश मोदगिल रहे। सभी टीमों ने केस अध्ययन से संबंधित विचार व केस अध्ययन की कठिनाइयों पर सुझाव प्रस्तुत किए। टीमों के केस अध्ययन विश्लेषण व उनके सुझावों के आधार पर परिणाम निकाले गए। इस दौरान रादौर जेएमआईटी कॉलेज की टीम प्रथम रही। जबकि महाराजा अग्रसेन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी की टीम ने दूसरा स्थान पाया।

वहीं तिलक राज चढ़ा प्रबंधन एवं तकनिकी संस्थान की टीम तीसरे स्थान पर रही। इस दौरान प्रथम विजेता टीम को 5100 रुपये, द्वितीय विजेता टीम को 3100 रुपये व तृतीय विजेता टीम को 2100 रुपये का पुरस्कार दिया। प्रतियोगिता के अंत में संस्थान निदेशक डॉ. विकास दरयाल ने कहा कि ऐसे प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में मनोबल बढ़ाती हैं। सभी विद्यार्थियों को ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए। मुख्यातिथि प्रो. अनिल अंगिरस ने विजोताओं को बधाई दी और अन्यों को बेहतरीन कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

Amarujala, Page no 04 (YNR)

09 May 2022



रादौर : भाषण के दौरान अपने विचार रखता छात्र।
(छाया : कुलदीप सैनी)

## कालेज में सुरक्षा और स्वास्थ्य विषय पर हुई भाषण प्रतियोगिता

रादौर, 29 अप्रैल (कुलदीप सैनी) : जेएमआईटी क्रिएटिव फिंगर्स क्लब की संयोजक डॉ. प्रेरणा गर्ग के तत्वाधान में कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका संचालन छात्र तन्वी गाबा, पार्थ मुंजाल और इश्प्रीत सिंह ने किया।

प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने संबंधित विषय पर प्रकाश डालते हुए सभी कार्यालयों या कार्यस्थल पर कर्मचारियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान देने योग्य बातों अपने विचार रखे। साथ ही कर्मचारियों को सेहत संबंधित कोई हानि न हो व सभी कर्मचारी, अपना काम एक हेल्दी, सेफ और पाजिटिव वातावरण में कर सके इन बातों को समझाया। प्रतियोगिता में प्रियांशु ने प्रथम स्थान हासिल किया जबकि इंद्रप्रीत ने दूसरा व अरिन ने तीसरा स्थान हासिल किया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## जेएमआईटी कॉलेज में भाषण, प्रश्नोत्तरी और कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया

**रादौर,(जगमार्ग न्यूज)**। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में जेएमआईटी कॉलेज में भाषण, प्रश्नोत्तरी और कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया और राष्ट्र के प्रति प्रेम को उजागर किया। प्राची और चेतना की देखरेख में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित गतिविधियों का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रियांशु ने प्रथम, वंश ने द्वितीय व अनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता प्रतियोगिता में डॉली गुलाटी ने प्रथम, काजल गोयल ने द्वितीय व तमन्ना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कुमकुम ने प्रथम, वर्षा ने द्वितीय व नैंसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।विजेताओं का निदेशक डॉ एसके गर्ग ने हौसला बढ़ाया।

### सेठ जयप्रकाश संस्थान में हुआ 24वें रक्तदान शिविर का आयोजन

## रक्तदान का दूसरा कोई विकल्प नहीं : कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रादौर

सेठ जय प्रकाश मुकंद लाल अभियांत्रिकी एवं तकनीकी शिक्षण संस्थान में शुक्रवार को 24वें विशाल रक्तदान मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान 502 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। रक्तदान शिविर में पीजीआई चंडीगढ़ व ट्रामा सेंटर यमुनानगर की टीमों ने अपनी सेवाएं दी। इस मौके पर संस्थान के महासचिव डॉ.रमेश कुमार ने शिविर का शुभारंभ किया और बैज लगाकर रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया। शिविर की अध्यक्षता निदेशक डॉ.एस.के गर्ग ने की। रमेश कुमार ने कहा कि रक्तदान का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। इसलिए रक्तदान का महत्व अधिक है। युवाओं को अधिक से अधिक रक्तदान कर दूसरों की जिंदगी बचाने का कार्य करना चाहिए और इस पुण्य कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। निदेशक डॉ.एस.के गर्ग ने कहा कि



यमुनानगर। रादौर स्थित तकनीकी संस्थान मे आयोजित रक्तदान मेले में रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते अतिथि।

■ शिविर में एकत्रित हुआ 502 यूनिट रक्त, दिया संदेश

वैसे तो संस्थान में अनेक महोत्सव मनाए जाते हैं परंतु रक्तदान मेला एकमात्र ऐसा मेला है जिसका संस्थान के सभी छात्र-छात्राएं, अध्यापकगण एवं कर्मचारी उत्सुक्ता से इंतजार करते हैं। क्योंकि रक्तदान जैसे महादान का भागीदार होकर वे स्वयं के लिए और मानवता के लिए एक बहुत बड़ी मिसाल बनकर उभरते हैं। 1997 से संस्थान में चल रहे रक्तदान मेलों से अब तक 10 हजार यूनिट रक्त एकत्रित किया जा चुका है।

# जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

रादौर। शहर के जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में सोमवार को प्रबंधन विभाग की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रबंधन विभाग के छात्रों एवं प्राध्यापकों ने भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य विषय बिजी अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर रहा। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में कर्ण गुजराती, सहायक प्रबंधक बिजी इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटिड, दिल्ली को आमंत्रित किया गया। कार्यशाला के माध्यम से मुख्य वक्ता ने बिजी सॉफ्टवेयर की उपयोगिता एवं कार्यप्रणाली बारे छात्रों को संबोधित किया। कार्यशाला में प्रबंधन विभाग के 100 से अधिक छात्रों ने मुख्य वक्ता को सुना।


जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते मुख्य वक्ता।

मुख्य वक्ता ने तकनीकी युग में सॉफ्टवेयर के महत्व बारे समझाते हुए छात्रों को इसकी उपयोगिता का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के इस दौर में प्रत्येक व्यक्ति को रोजगार एवं आजीविका कमाने के लिए विभिन्न गुणों एवं कौशलों में निपुण होना जरूरी है। इस समय रोजगार पाने वाले कई लोग है, लेकिन रोजगार देने वाले कम है। उन्होंने बताया कि समय की मांग को देखते हुए छात्रों को विभिन्न सॉफ्टवेयर का ज्ञान होना अति आवश्यक है। इस अवसर पर छात्रों ने मुख्य वक्ता से सॉफ्टवेयर संबंधित अपने संशयों पर विचार विमर्श किया। कार्यशाला के दौरान छात्रों ने जाना कि वे किस प्रकार से अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर के उपयोग से जटिल से जटिल कार्य को आसानी से एवं त्रुटिरहित कर सकते है।

इस अवसर पर प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा अनुजा गोयल ने मुख्य वक्ता का छात्रों के मार्ग दर्शन के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्यशाला से छात्रों को विभिन्न तकनीकी एवं सॉफ्टवेयर के बारे में सीखने को मिलता है, जिससे कि छात्र अपने करियर को सही दिशा मे ले जा सकते हैं। इस अवसर पर प्रबंधन विभाग के सभी प्राध्यापक गणों ने भी मुख्य वक्ता के विचारों को सुना।

संस्थान के निदेशक डॉ एसके गर्ग ने बताया कि प्रबंधन विभाग द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर होते रहते हैं। जिसका छात्रों के शैक्षिक एवं अन्य गैर शैक्षिक मूल्यों में अहम योगदान रहा है। उन्होंने मुख्य वक्ता का धन्यवाद करते हुए भविष्य में भी छात्रों के मार्गदर्शन के लिए संस्थान के साथ जुड़े रहने के लिए आग्रह किया।

# 2 दिवसीय वार्षिक महोत्सव 'नवरस' का धूमधाम से समापन

रादौर, 9 अप्रैल (मलिक): जे.एम.आई.टी. में 2 दिवसीय वार्षिक महोत्सव के अंतिम दिन की संध्या का शुभारंभ परंपरागत दीप प्रज्वलन करके किया गया। पं. ज्ञानप्रकाश प्रबंधन समिति सदस्य, डॉ. रमेश कुमार महासचिव, डॉ. आर.के. गर्ग महासचिव, टी.आई.एम.टी., डॉ. विकास दयाल निदेशक, डॉ. एस.के. गर्ग निदेशक, अनिल बुद्धिराजा प्रिंसीपल तथा अन्य गण्यमान्य अतिथिगणों ने भी समारोह की शोभा बढ़ाई। इस वर्ष का मुख्य विषय नवरस था।

चारों ओर उमंग ही उमंग प्रतीत हो रही थी। कहीं नृत्य हो रहा था, कहीं हाथों पर मेहंदी, कहीं संगीत के स्वरों को मनमोहक अंदाज में प्रस्तुत किया जा रहा था तो कहीं टैटू मेकिंग, ट्रेजर हंट व अल्फाज जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हर विद्यार्थी अपनी कला एवं प्रतिभा से इस आयोजन में नए-नए रंग भर रहा था। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं का उत्साह एवं खुशी देखते ही बनती थी। डॉ. गर्ग ने संस्थान में कार्यशील सैंटर्स ऑफ एक्सीलैंस जिसमें डाइकिन, रोबोटिक्स, मैट लैब, टैक्सास इंस्ट्रूमैंटेशन की जानकारी एवं अन्य कार्यशील व प्रगतिशील प्रयासों से भी परिचित कराया।


*मनमोहक अंदाज में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र।* (मलिक)

आयोजन के अगले चरण में मुख्यातिथि ने उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया जिन्होंने संस्थान का परचम संस्थान के बाहर कई क्षेत्रों में अव्वल रह कर लहराया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में कोरियोग्राफी में टीम प्राणसिंग पर्ल्स, समूह गायन में फिफ्थ हारमनी, लोक नृत्य में टीम हरनूर विजयी रही। वहीं मेहंदी प्रतिस्पर्धा में दीपाषा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महोत्सव की इस संध्या पर अंकुश सिंगला रजिस्ट्रार, डॉ. एल.एस. रीन, डॉ. वंदना, सभी विभागों के अध्यक्ष डॉ. गौरव शर्मा, डॉ. ऋषि स्वरूप शर्मा एवं अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

# 'टैलेंट शो प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा'

रादौर, 16 जनवरी (मलिक) : हमारे देश के युवाओं की प्रतिभा का लोहा आज विश्वभर में माना जाता है और देश के हर गांव नगर और शहर में प्रतिभाओं की भरमार कही जा सकती है। युवा वर्ग को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करते हुए रादौर के सेठ जयप्रकाश मुकंद लाल इंजीनियरिंग कॉलेज में टैलेंट शो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सौजन्य से किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने साहित्यिक, सांस्कृतिक, फाइन आर्ट्स, गीत, नृत्य और अभिनय में प्रतिभा दिखाई।


*टैलेंट शो में नृत्य करती छात्रा।* (मलिक)

टैलेंट शो प्रतियोगिता में संस्थान के विभिन्न विभागों के छात्रों ने भाग लिया। छात्रों का जोश देखते ही बनता था। कोरोना काल के चलते इस प्रतियोगिता का आयोजन ऑनलाइन गूगल मीट के माध्यम से किया गया, पर युवा वर्ग ने इस चुनौती को स्वीकार करते हुए इस प्रतियोगिता में अपनी कला से सबका ध्यान आकर्षित किया। इस प्रतियोगिता को यू ट्यूब के माध्यम से भी छात्रों तक पहुंचाया गया जिससे अधिक से अधिक संख्या में छात्र जुड़ सके।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डा. एस.के. गर्ग ने कहा कि छात्रों के बहुमुखी विकास के लिए उनका शैक्षिक एवं सह-पाठ्यक्रम की गतिविधियों में समान रूचि लेना अति आवश्यक है। उन्होंने छात्रों से अपने प्रतिभा क्षेत्र में उन्नति के लिए मेहनत, लगन और अनुशासन का पालन करने की अपील की। कार्यक्रम के कुशल संचालन में संस्थान की सांस्कृतिक कार्यक्रमों की इंचार्ज डा. वंदना रानी का अहम योगदान रहा। प्रतियोगिता का समापन सभी विजेताओं को बधाई देते हुए और सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए किया गया।

Punjab Kesari, Page no 02 (YNR) 17 Jan. 2021

# साइकिल मैराथन में प्रिया करमजीत ने बाजी मारी


## जेएमआईटी कॉलेज ने स्वस्थ भारत अभियान के तहत किया आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

**यमुनानगर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज की ओर से मंगलवार को स्वस्थ भारत अभियान के तहत साइकिल मैराथन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के महिला वर्ग में प्रिया दत्त प्रथम, कृति द्वितीय स्थान और जागृति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में करमजीत ने प्रथम अंजनी शुक्ला ने द्वितीय और भूषण ने तृतीय स्थान हासिल किया।

संस्थान के निदेशक डॉ. संजीव गर्ग ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों से शरीर निरोगी रहता है। इसके तहत बच्चों को समय का सदुपयोग और आपस में सहभागिता की भी सीख मिलती है।

स्वस्थ भारत अभियान सरकार का एक सार्वजनिक आंदोलन है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को शारीरिक रूप से सक्रिय और स्वस्थ होने के लिए प्रेरित करना है। प्रतियोगिता में छात्रों और एनसीसी कैडेट ने कॉलेज स्टाफ के साथ हिस्सा लिया।


रादौर में आयोजित साइकिल मैराथन में हिस्सा लेते युवा। संवाद

गर्ग ने बताया केंद्र सरकार स्वस्थ भारत अभियान के तहत योग, बैडमिंटन, टेनिस, फुटबॉल, कराटे या कबड्डी खेल के माध्यम से कम से कम 30 मिनट प्रतिदिन अनिवार्य रूप से शारीरिक श्रम करने पर जोर दे रही है।

प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. उमेश प्रताप सिंह ने कहां कि शारीरिक श्रम को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम संस्थान की तरफ से होते रहते हैं, जिसमें छात्रों एवं सभी स्टाफ के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है।

Amarujala, Page no 04 (YNR) 22 Sept. 2021

## जेएमआईटी ने सरकारी स्कूल को दिए 5 कंप्यूटर

यमुनानगर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जगाधरी वर्कशॉप में जेएमआईटी रादौर ने बुधवार को 5 कंप्यूटर भेंट किए। स्कूल प्रभारी भारती अरोड़ा ने कहा कि डिजिटल क्रांति का दौर है। लिहाजा विद्यार्थियों को नई टेक्नोलॉजी से जोड़ना जरूरी है, ताकि वे बदलते समय व परिवेश के साथ जुड़ सकें। कंप्यूटर स्कूल प्रवक्ता रविंद्र चौहान ने कहा कि प्रौद्योगिकीय संसाधन विद्यार्थियों की



शिक्षा के अनिवार्य अंग बन चुके हैं। रादौर इंजीनियरिंग कॉलेज की ऐसी सकारात्मक सोच के दूरगामी परिणाम मिलेंगे। जेएमआईटी की असिस्टेंट प्रोफेसर शबनम प्रवीण ने विश्वास दिलाया कि कॉलेज हमेशा बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए प्रयासरत रहेगा। विद्यालय ने कॉलेज सदस्यों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। मौके पर गुरविंद्र सिंह, नवीन कुमार व संगीता भी मौजूद रहे।

JMIT gave computers to the govt School
Dainik Bhaskar, Page no 02 (YNR)
12 May 2022

## छात्रों को भूमि संरक्षण का महत्व बताया

रादौर |जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में रविवार को भूमि संरक्षण पर ऑनलाइन वेबिनार कम वर्कशॉप हुई। यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी ने ईशा फाउंडेशन के साथ मिलकर कार्यक्रम कराया। ईशा फाउंडेशन की स्वयं सेविका निशा ने छात्रों को भूमि संरक्षण के महत्व के बारे में बताया। संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने छात्रों को भूमि संरक्षण के महत्व को लेकर शपथ ग्रहण करवाई। मौके पर यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी इंचार्ज डॉ. नीति सकूजा, डॉ. एलएस रीन, डॉ. वंदना, प्राची, सोनिया शर्मा व मीनाक्षी ने भाग लिया।

Online Webinar
Dainik Bhaskar, Page no 02 (YNR)
14 March 2022

## ऑगमैंटेड रियलिटी हैकाथों का आयोजन

रादौर, 11 फरवरी (मलिक) : जे.एम.आई.टी. इंजीनियरिंग कालेज रादौर के सी.एस.ई. डिपार्टमैंट के ए.आर. क्लब ने ऑगमैंटेड रियलिटी हैकाथों का आयोजन किया। यह हैकाथों फेसबुक द्वारा स्पॉन्सर किया गया एवं क्लब टीम द्वारा




*कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी।* (पुत्री)

ऑर्गेनाइज किया गया। इस मौके पर डायरैक्टर डॉ. संजीव गर्ग ने बताया कि कैसे आने वाले समय में ए.आर. का प्रयोग बिजनैस व स्टार्टअप में किया जा सकता हैं। एच.ओ.डी. डा. गौरव शर्मा व विकास जुनेजा ने उन्हें जागरूक किया कि कैसे नई तकनीक का उपयोग मैडिकल व पढ़ाई में किया जा सकता है। असिस्टैंट प्रोफैसर मोनिका चौधरी ने बच्चों को प्रोत्साहित किया व ए.आर. क्लब टीम ने इफैक्ट बनाने व फेसबुक और इंस्टाग्राम पर पब्लिश करना सिखाया और बताया कि जो छात्र इफैक्ट पब्लिश करता है उसे एक बैग और सर्टिफिकेट दिया गया। पूरे देशभर से 10 से अधिक यूनिवर्सिटी व कालेज के 800 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

Hackathons organized by JMIT
Punjab Kesari, Page no 02 (YNR)
12 Feb 2022

Business Standard

CAMPUS TALK

BS PROMOTIONS

## PRO-FASHIONAL FIESTA AT JMIT, RADAUR

Pro-Fashional Fiesta, an inter-college event was organised by the TUNIC club at Seth Jai Parkash Mukand Lal Institute of Engineering and Technology (JMIT), Radaur. TUNIC club under the tutelage of the Personality Development Department persistently endeavours to prepare the students for the Corporate World. The purpose of this event was to promote a sense of professional dressing, grooming etiquette and appropriate body language among the students' fraternity of Mukand. This event included a corporate ramp walk by the students carrying professional attire followed by a question-answer round. The event was judged by a panel of corporate judges including Mr Kunal Thapar, Head (Relationship Banking), HDFC Bank Ltd.; Mr Aditya Bhasin, Executive Lead- Materials, Saraswati Sugar Mills Ltd; and Ms Deepali Verma, SDM – Bancassurance, HDFC Life Insurance Company Ltd. The event witnessed a participation of 88 contestants from JMIT, JMIETI, TIMT and MLN College across district Yamunanagar. Mr Manav and Ms Isha from the Department of Management, JMIT were adjudged as Mr Professional and Ms Professional respectively. They were felicitated with Tommy Hilfiger formal watches. All the participants were awarded certificates of appreciation. Director, Dr S. K. Garg extended a vote of thanks and honoured the corporate judges. He admired the relentless efforts of the TUNIC Club and the Personality Development department's team led by Dr Jaya Malhotra in organising such events.



11 May 2022

Business Standard, Page no 14